**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

**THE TRIBUNE**



JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad.

# JC Bose varsity eases fee rules

TRIBUNE NEWS SERVICE

FARIDABAD, JULY 22

In what comes as a relief for the students of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, the university has allowed the students to pay the fee of current semester in two instalments. This was revealed by Vice Chancellor Dinesh Kumar.

The VC said the move came in the wake of difficulties faced by students and their parents amid the Covid pandemic. He said earlier the students had to pay full semester fee by August 17, but now they were allowed to pay 50 per cent of their semester fee. However, those who intended to pay the full amount were free to do so. Besides, no late fee would be charged.

The varsity has also announced to waive internet charges of Rs 447 for the current semester.

The VC said to help the students from economically weaker sections, the university would waive their tuition fee by 20 to 100 per cent.

The university has scrapped the entrance test for admission to various UG and PG courses for academic session 2020-21 and has also extended the last date for submission of online application forms to August 15. For admission to MTech courses, GATE score will be considered.

The Tribune Thu, 23 July 2020 https://epaper.tribuneindia.

**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

**THE PIONEER**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेगी फीस में छूट

## विद्यार्थी को मिली राहत, अब दो किश्तों में कर सकेंगे सेमेस्टर फीस का भुगतान

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए जल्द ही एक नीति लाने की घोषणा की है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों को वित्तीय कठिनाई से बचाने के लिए वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान दो किश्तों में करने की अनुमति देकर उन्हें बड़ी राहत दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हो रही कठिनाइयों को समझता है और उन्हें राहत देने के लिए हरसंभव उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमेस्टर फीस का भुगतान दो किस्तों में करने के प्रावधान से विद्यार्थियों को हो रही वित्तीय कठिनाईयों से बड़ी राहत मिलेगी। इसके अनुसार अब विद्यार्थियों को 17 अगस्त, 2020 तक पूरी फीस की बजाये केवल 50 प्रतिशत सेमेस्टर फीस का भुगतान करना होगा। हालांकि, एक ही किश्त में पूरी सेमेस्टर फीस देने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भी अलग से विकल्प होगा।

**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस में छात्रों को फीस में छूट

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने बुधवार को आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए जल्द ही एक नीति लाने की घोषणा की है। वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान 2 किस्तों में करने की अनुमति दी है। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि छात्रों को राहत देने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। उन्हें 17 अगस्त तक पूरी फीस की जगह केवल 50 प्रतिशत सेमेस्टर फीस का भुगतान करना होगा।

**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेगी फीस में छूट

## विद्यार्थी को मिली राहत, अब दो किश्तों में कर सकेंगे सेमेस्टर फीस का भुगतान

फरीदाबाद, 22 जुलाई(पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए जल्द ही एक नीति लाने की घोषणा की है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों को वित्तीय कठिनाई से बचाने के लिए वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान दो किश्तों में करने की अनुमति देकर उन्हें बड़ी राहत दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हो रही कठिनाइयों को समझता है और उन्हें राहत देने के लिए हरसंभव उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमेस्टर फीस का भुगतान दो किस्तों में करने के प्रावधान से विद्यार्थियों को हो रही वित्तीय कठिनाईयों से बड़ी राहत मिलेगी। इसके अनुसार अब विद्यार्थियों को 17 अगस्त, 2020 तक पूरी फीस की बजाये केवल 50 प्रतिशत सेमेस्टर फीस का भुगतान करना होगा। हालांकि, एक ही किश्त में पूरी सेमेस्टर फीस देने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भी अलग से विकल्प होगा। विश्वविद्यालय द्वारा बिना विल ब सेमेस्टर फीस के भुगतान की अंतिम तिथि 17 अगस्त, 2020 निर्धारित की गई है। मौजूदा सेमेस्टर में विद्यार्थियों के फीस के मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को सेमेस्टर फीस दो किश्तों में देने की अनुमति देने के लिए अधिकारिक नोटिस जारी किया जाये। कुलपति ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटरनेट सुविधा के लिए सेमेस्टर फीस से 447 रुपए माफ करने की घोषणा की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय जल्द ही आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग देने के लिए एक नीति जारी करेगा।

**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

## DAINIK BHASKAR

# मिशन एडमिशन: जेसी बोस विश्वविद्यालय में जरूरतमंद स्टूडेंट को मिलेगी फीस में छूट

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद स्टूडेंट की सहायता के लिए ज़ल्द ही एक नीति लाने की घोषणा की है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों को वित्तीय कठिनाई से बचाने के लिए वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान दो किस्तों में करने की अनुमति देकर उन्हें बड़ी राहत दी है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हो रही कठिनाइयों को समझता है और उन्हें राहत देने के लिए हरसंभव उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमेस्टर फीस का भुगतान दो किस्तों में करने के प्रावधान से विद्यार्थियों को हो रही वित्तीय कठिनाइयों से बड़ी राहत मिलेगी। अब विद्यार्थियों को 17 अगस्त तक पूरी फीस की बजाए केवल 50 प्रतिशत सेमेस्टर फीस का भुगतान करना होगा।

**NEWS CLIPPING: 23.07.2020**

## AMAR UJALA

# विद्यार्थी दो किस्तों में जमा कर सकेंगे फीस

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए जल्द ही एक नीति लाने की घोषणा की है। वहीं वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान दो किस्तों में करने की अनुमति देकर बड़ी राहत दी है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कोरोना महामारी के बीच विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हो रही कठिनाइयों को समझता है। ऐसे में उन्हें राहत देने के लिए हरसंभव उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमेस्टर फीस का भुगतान दो किस्तों में करने के प्रावधान से विद्यार्थियों को हो रही वित्तीय कठिनाइयों से बड़ी राहत मिलेगी। अब विद्यार्थियों को 17 अगस्त, 2020 तक पूरी फीस की जगह केवल 50 प्रतिशत सेमेस्टर फीस का भुगतान करना होगा। ब्यूरो